आमेर शास्त्र भण्डार जयपुर

की

ग्रन्थ सूची

श्री दि० जैन महावीर अतिशय क्षेत्र कमेटी

जयपुर

आमेर शास्त्र भण्डार, जयपुर

की

ग्रन्थ सूची

सम्पादक -

कस्तूरचन्द कासलीवाल

एम० ए०, शास्त्री

प्रकाशक:—

रामचन्द्र खिन्दूका

मन्त्री :—श्री दि० जैन महावीर अतिशय क्षेत्र कमेटी

महावीर पार्क रोड, जयपुर।

प्रथम संस्करण | ज्येष्ठ वी० नि० २४७५ | ३०० प्रति

मूल्य ५)

मुद्रक—
पं० भंवरलाल जैन न्यायतीर्थ
श्री वीर प्रेस, जयपुर।

प्राक्कथन

प्राचीन काल मे मन्दिरो मे बडे बडे शास्त्र भण्डार हुआ करते थे। इन शास्त्र भण्डारों का प्रबन्ध समाज द्वारा होता था। कुछ ऐसे भी शास्त्र भण्डार थे जिनका प्रबन्ध भट्टारकों के हाथों में था। भट्टारक-संस्था ने प्राचीन काल मे जैन साहित्य की अपूर्व सेवा ही नही की किन्तु उसे नष्ट होने से भी बचाया है। नवीन साहित्य के सर्जन मे तो इस संस्था का महत्त्वपूर्ण हाथ रहा है। लेकिन जब इनका पतन होने लगा तो इनकी असावधानी से सैकडों शास्त्र दीमक के शिकार बन गये. सैकड़ो स्वयमेव गल गये और सैकड़ों शास्त्रो को विदेशियो के हाथों मे बेच डाला गया। इस तरह जैन साहित्य का अधिकाश भाग सदा के लिये लुप्त हो गया। लेकिन इतना होने पर भी जैन शास्त्र-भण्डारो मे अब भी अमूल्य साहित्य बिखरा पड़ा है और उसको प्रकाश मे लाने का कोई प्रबन्ध नहीं किया जाता। यदि अब भी इस बिखरे हुये साहित्य का ही सकलन किया जावे तो हजारो की संख्या मे अप्रकाशित तथा अज्ञात ग्रन्थ मिल सकते हैं।

आमेर शास्त्र भण्डार, जयपुर जिसका विस्तृत परिचय पाठक गण श्री मन्त्री महोदय के वक्तव्य से जान सकेंगे, राजस्थान मे ही क्या, सम्पूर्ण भारत के जैन शास्त्र भण्डारो मे प्राचीन तथा महत्त्वपूर्ण है। इसमे संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी आदि भाषाओ के १६०० के लगभग हस्तलिखित ग्रन्थो का बहुत ही अच्छा संग्रह है। जिनमें बहुत से ऐसे ग्रन्थ है जो अभी तक न तो कहीं से प्रकाशित ही हुये है और न सर्वसाधारण की जानकारी मे ही आये है। अपभ्रंश साहित्य के लिये तो उक्त भण्डार भारत मे अपनी कोटिका शायद अकेला ही है। इस भाषा के अधिकाश ग्रन्थ अभी तक अप्रकाशित है। हिन्दी साहित्य भी यहा काफी मात्रा मे है। १५ वीं शताब्दी से लेकर १६ वीं शताब्दी का बहुत सा साहित्य यहा मिल सकता है। भट्टारक सकलकीर्त्ति, ब्रह्मजिनदास, भट्टारक ज्ञानभूषण, पं० धर्मदास, ब्रह्म रायमल्ल, पं० रूपचन्द, पं० अखयराज आदि अनेक ज्ञात एवं अज्ञात कवियों और लेखकों के साहित्य का यहा अच्छा संग्रह है।

संस्कृत भाषा का साहित्य भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं है। काव्य, न्याय, धर्मशास्त्र, दर्शन, ज्योतिष, आयुर्वेद आदि सभी विषयों के प्राचीन ग्रन्थों की प्रतिया है। कुछ ऐसा साहित्य भी है जो अभी तक प्रकाशित नहीं हुआ हैं।

इस भण्डार मे संस्कृत प्राकृत आदि भाषाओं के लगभग निम्न संख्या वाले ग्रन्थ है —

संस्कृत	५००
हिन्दी	१५०
अपभ्रंश	७०
प्राकृत	४०
टीका ग्रन्थ	२५

इनके अतिरिक्त शेष इन्हीं ग्रन्थो की प्रतिया हैं। शास्त्रों मे साहित्य, दर्शन, धर्मशास्त्र, आयुर्वेद, व्याकरण, स्तोत्र आदि अनेकानेक विषयों का विवेचन किया हुआ मिलता है। ग्रन्थों की प्रतिया प्राचीन है। भण्डार मे सबसे प्राचीन प्रति संवत् १३९१ की महाकवि पुष्पदन्त द्वारा रचित महापुराण की है। इसके अतिरिक्त १४ वीं शताब्दी से लेकर १८ वीं शताब्दी तक की ही अधिक प्रतिया है १९ वी और २० वीं

शताब्दी की तो बहुत ही कम प्रतियां हैं। इससे मालूम होता है कि भण्डार का कार्य १८ वी शताब्दी तक तो सुचारु रूप से चलता रहा किन्तु शेष दो शताब्दियों में नवीन कार्य प्रायः बन्द सा होगया।

शास्त्रों की प्राचीन प्रतियों से विद्वानों को साहित्य और इतिहास के अनुसंधान मे काफी सहायता मिल सकेगी। विवादग्रस्त कवियों के समय आदि को समस्या को सुलझाने मे प्रस्तुत सूची बहुत सहायक होगी ऐसी आशा है।

'श्री महावीर शास्त्र भण्डार' श्री महावीरजी, उतना अधिक पुराना नही है। इस भण्डार मे प्राचीन प्रतिया प्रायः जयपुर, आमेर या अन्य शास्त्र भण्डारों मे गयी हुई मालूम होती है। यहा १६ वी तथा २० वीं शताब्दी की जो प्रतिया हैं वे यहीं पर लिखी हुई है। उक्त भण्डार मे अधिकतर पूजा साहित्य तथा स्तोत्र सग्रह है।

उक्त दोनो भण्डारों मे ही जैनेतर साहित्य भी पर्याप्त रूप मे है। हिन्दी भाषा की अपेक्षा संस्कृत भाषा का अधिक साहित्य है। उपनिषदों से लेकर न्याय, साहित्य, व्याकरण, आयुर्वेद और ज्योतिष साहित्य का भी अच्छा संग्रह है। कितनी ही प्रतिया तो प्राचीन है। इस सग्रह से जैन विद्वानों की उदारता का पता लगाया जा सकता है।

श्री महावीर अतिशय क्षेत्र कमेटी की बहुत से दिनों से अनुसधान विभाग खोलने की इच्छा थी यद्यपि क्षेत्र की ओर से समय २ पर थोडा बहुत ग्रन्थ प्रकाशन का काम होता रहा है लेकिन व्यवस्थित रूप से लगभग २। वर्ष से अनुसंधान का काम चल रहा है। इस अनुसधान के फल स्वरूप आमेर शास्त्र भण्डार जयपुर तथा श्री महावीर शास्त्र भण्डार, महावीरजी का विस्तृत सूचीपत्र पाठकों के सामने है। इस सूचीपत्र के अतिरिक्त 'आमेर भण्डार प्रशस्ति-सग्रह' प्रेस मे दिया जा चुका है जो शीघ्र ही पाठकों के सामने आने वाला है। प्राचीन साहित्य के खोज का कार्य चल रहा है। अज्ञात और महत्त्वपूर्ण रचनायें प्रकाशित होकर समय २ पर समाज के सामने आती रहेगी।

प्राचीन साहित्य की खोज करने का मेरा प्रथम अवसर है, इसलिये बहुत सी त्रुटियों तथा कमियों का रहना संभव है। लेकिन मुझे आशा है कि विद्वान पाठक इनको ओर उदारता पूर्वक ध्यान देकर मुझे सूचित करने की कृपा करेंगे।

श्री महावीर अतिशय क्षेत्र कमेटी तथा विशेषत. श्रीमान माननीय मन्त्री महोदय धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने इस अनुसधान के कार्य को प्रारम्भ करके अपनी साहित्य-प्रियता का परिचय दिया है तथा अन्य तीर्थ क्षेत्र कमेटियों के सामने साहित्य सेवा का आदर्श उपस्थित किया है। श्रद्धेय गुरुवर्य पंडित चैनसुखदासजी न्यायतीर्थ को तो धन्यवाद देना सूर्य को दीपक दिखाना है—जो कुछ मै हूं सब उन्ही की कृपा का फल है।

जयपुर,
दिनाङ्क १५ मई सन् १९४९

कस्तूरचन्द कासलीवाल

प्रकाशकीय वक्तव्य

राजपूताना की रियासतों मे जयपुर एक ऐसी रियासत है जिससे जैनों का सैकडों वर्षों से सम्बन्ध चला आ रहा है। आमेर इसी वर्तमान जयपुर राज्य की प्राचीन राजधानी है। आमेर या अम्बर शहर जयपुर से करीब ५ मील उत्तर में पहाडियो के बीच मे बसा हुआ है। जिस समय जयपुर नहीं बसा था उस समय आमेर ही प्रमुख शहर गिना जाता था और उनमे जैनों के कई बडे बडे शिखरबंद मंदिर थे जिनकी कारीगरी आज भी देखने योग्य है। आमेर के बाद नई राजधानी जयपुर विक्रम सवत् १७८४ में बनी। उस समय महाराजा सवाई जयसिंहजी कछवाहा राज्य करते थे। महाराजा जयसिंहजी के जमाने में राज्य के मुख्य मुख्य काम दि० जैनों के ही हाथ म थे किन्तु इनके पश्चात इनके द्वितीय पुत्र सवाई माधोसिंहजी जब उदयपुर से आकर अपने बडे भाई महाराज ईश्वरीसिंहजी की जगह राज्य सिंहासन पर बैठे तो उनके साथ उदयपुर के कुछ शैव राजगुरु जयपुर मे आये और जैनो से द्वेष भाव रख कर उनके कई विशाल मन्दिरों को हथिया लिया। जैन प्रतिमाओं को तोड दिया गया और उनकी जगह शिवलिंग स्थापित कर दिये गये। उस जमाने मे जैनों पर अगणित अत्याचार हुए उनका नमूना आज भी जीर्ण शीर्ण आमेर नगरी मे प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर हो रहा है। आमेर के जिन जैन मन्दिरों को बरबाद कर दिया गया वे आज भी अपने पुराने वैभव तथा अत्याचारियो के अन्याय को दुनिया के सामने प्रकट कर रहे हैं। उन प्राचीन व विशाल मन्दिरों और मूर्त्तियों के साथ मे हमारा कितना ज्ञान भण्डार आततायियों द्वारा नष्ट हुआ होगा उसका कोई अन्दाजा नहीं लगाया जा सकता। उन प्राचीन जैन मन्दिरो मे से सिर्फ एक श्री नेमिनाथ भगवान का मंदिर जो सांवलाजी के नाम से प्रसिद्ध है किसी प्रकार बच गया था। इस मंदिर मे एक शास्त्र भण्डार भी था जो प्राचीन भट्टारकों ने किसी प्रकार बचा कर रख लिया था।

भट्टारक श्री देवेन्द्रकीर्त्तिजी तक यह भंडार ज्यों का त्यो सुरक्षित रहा; किन्तु इनके बाद करीब ३०—४० वर्ष तक देवेन्द्रकीर्त्ति के उत्तराधिकारी भट्टारक श्री महेन्द्रकीर्त्तिजी तथा अन्य शिष्यों मे मनोमालिन्य रहा और उस जमाने मे नहीं कहा जा सकता कि इस शास्त्र भंडार मे से कितने ग्रन्थ निकल गये और किस किस के हाथ मे जा पडे तथा कितने ग्रंथ चूहों व दीमको का आहार बन गये। भट्टारक श्री महेंद्रकीर्त्तिजी के स्वर्गवास के पश्चात् जयपुर पंचायत ने उक्त मंदिर व शास्त्र भंडार को वापिस अपने अधिकार मे लिया और तभी से इसको खोल कर देखने व बचे खुचे ज्ञान भंडार की रक्षा करने का सवाल समाज के सामने आया। उस समय जैन धर्म भूषण ब्रह्मचारी शीतलप्रसादजी ने भी इसके लिये समाज को बहुत प्रेरणा दी। गत कई वर्षों मे मुनि महाराजों के चतुर्मास जयपुर मे हुये और उनके आग्रह से कई बार उक्त भंडार को खोलने का अवसर भी आया। जो भी शास्त्र भंडार को देखने आमेर गये वे वहां एक दो दिन से अधिक नहीं ठहर सके इस लिये ग्रन्थों के वेष्टनों के दर्शन के अतिरिक्त और कोई विशेष लाभ नहीं हो सका।

जब जयपुर दि० जैन पंचायत की तरफ से श्री महावीर क्षेत्र की प्रबन्ध कारिणी समिति बनी तो उसने इस मन्दिर व शास्त्र भंडार को अपने अधिकार में लिया। उसने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया और शास्त्र भंडार को भी खुलाकर देखा गया। शास्त्र भंडार में कैसे २ ग्रंथ रत्न हैं इसको देखने के लिये श्रीमान श्रद्धेय प० चैनसुखदासजी न्यायतीर्थ ने बहुत प्रेरणा दी और उनके शिष्यों ने जिनमें पं० श्री प्रकाशजी शास्त्री पं० भवरलालजी न्यायतीर्थ आदि मुख्य हैं, पाच–सात दिन आमेर ठहर कर ग्रन्थों की सूची भी बनाई, किन्तु उससे न तो पंडित चैनसुखदासजी को ही संतोष हुआ और न प्रबन्ध कारिणी समिति को ही। इसके पश्चात कई जैन विद्वानों से आग्रह किया गया कि वे महीने दो महीने आमेर मे रह कर पूरा सूचीपत्र तो बनावें किन्तु किसी ने भी इस पुनीत कार्य को करने की तत्परता नहीं दिखायी। आखिर यही निश्चित हुआ कि जब तक यह भंडार जयपुर न लाया जावे इसकी न तो सूची ही बन सकती है और न कुछ उपयोग ही हो सकता है। फलतः ग्रन्थ भंडार को जयपुर लाया गया और श्रीयुत भाई साहब सेठ बधीचंदजी गंगवाल की हवेली मे ही एक कमरा उनसे मांग कर ग्रन्थों को उनमे रखा गया। उक्त पंडितजी साहब ने स्वर्गीय भाई मानचन्द्रजी आयुर्वेदाचार्य को सूची बनाने के लिये नियत किया और उन्होंने स्वयं तथा अपने अन्य साथियों को लेकर एक सूची पत्र बना दिया। इसके पश्चात क्षेत्र की प्रबन्ध कारिणी समिति ने पंडित चैनसुखदासजी न्यायतीर्थ की सम्मति के अनुसार भंडार का बडा सूची पत्र बनाने व प्रशस्ति संग्रह आदि अनुसंधान कार्य के लिये भाई कस्तूरचंदजी शास्त्री एम. ए. को नियत किया और उन्होंने नियमित रूप से कार्य करके यह सूची पत्र तैयार किया जो आज आप महानुभावों के समक्ष उपस्थित है।

करीब २ वर्ष से उक्त भण्डार का अनुसंधान कार्य व्यवस्थित रूप से चल रहा है। इस थोड़े से समय मे ही भण्डार का विस्तृत सूचीपत्र और बृहद् प्रशस्ति–संग्रह तैयार हो चुके हैं। सूचीपत्र तो आपके सामने है तथा प्रशस्ति-संग्रह भी प्रेस में दिया जा चुका है। उक्त दोनों पुस्तके साहित्य के अनुसंधान कार्य मे काफी महत्त्वपूर्ण तथा उपयोगी साबित होगी ऐसी आशा है।

इसी विभाग की ओर से समय २ पर "वीरवाणी" आदि प्रसिद्ध जैन पत्रों में अनेक खोजपूर्ण लेख प्रकाशित कराये चुके है। अभी तक ब्रह्म रायमल्ल, ब्रह्मजिनदास, भट्टारक ज्ञानभूषण, पं० धर्मदास, पंडित अखयराज, पंडित रूपचंद, कविवर त्रिभुवनचन्द्र आदि लेखकों और कवियों के साहित्य पर खोज पूर्ण लेख प्रकाशित हो चुके हैं।

चतुर्दश गुणस्थान चर्चा नामक महत्त्वपूर्ण हिन्दी गद्य के ग्रन्थ का सम्पादन भी प्रारम्भ हो गया है। उक्त ग्रन्थ शीघ्र ही प्रकाशित होकर स्वाध्याय प्रेमियों के सामने आने वाला है।

जयपुर मे जब अखिल भारतीय हिस्टॉरिकल रिकार्डस कमीशन (All India Historical Records Commission) का २४ वा अधिवेशन हुआ था जब उसके तत्त्वावधान में ऐतिहासिक सामग्री की एक प्रदर्शिनी भी हुई थी। प्रदर्शिनी मे उक्त भण्डार के प्राचीन ग्रन्थों को रखा गया था। ग्रन्थों की प्रशस्तियों मे लिखित ऐतिहासिक सामग्री को पढकर बड़े २ विद्वानों ने सराहना की थी।

श्री वीर सेवा मन्दिर सरसावा की तरफ से पं० परमानन्दजी ने भी कई दिन तक जयपुर में ठहर कर इस ग्रंथ भण्डार का निरीक्षण किया है तथा खास खास ग्रंथों की प्रशस्ति आदि भी नोट करले गये हैं। इन ग्रन्थों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग हो, इसके लिये बाहर की सुप्रसिद्ध ग्रंथ प्रकाशन संस्थाओं, जैसे शान्ति निकेतन बोलपुर, भारतीय ज्ञानपीठ काशी, वीर सेवा मंदिर सरसावा आदि को समय २ पर प्राचीन प्रतियां भेज कर उनके कार्य में पूर्ण सहयोग दिया जाता है।

प्रबन्ध कारिणी समिति का विचार है कि अब इस भंडार को अधिकाधिक उपयोगी बनाया जाय और जगह जगह से अलभ्य ग्रंथों को लाकर या उनकी प्रतिलिपियां मगाकर बडा ग्रंथालय स्थापित किया जाय ताकि विद्वान लोग इससे लाभ उठा सके। इस कार्य के लिये जयपुर के नये बनने वाले त्रिपोलिया (चौडा रास्ता) सदर बाजार मे एक बड़ी बिल्डिंग खरीद भी ली गयी है। उसी बिल्डिंग में एक बडा हाल बनवा कर उसमे इस ग्रन्थालय की स्थापना करने का विचार किया गया है।

जैन समाज के विद्वान तथा साहित्यप्रेमियो से हमारी प्रार्थना है कि वे प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थ इस ग्रन्थालय को भेंट करे तथा अन्य सभी प्रकार की सहायता द्वारा इसे समृद्ध बनाने मे सहयोग दें। वर्तमान काल मे जैनधर्म के प्रचार तथा सच्ची प्रभावना का इससे बढिया और कोई उपाय नहीं है। जैन समाज को जीवित रहना है तो उसको चाहिये कि सबसे पहले अपने साहित्य की रक्षा तथा प्रचार करने के लिये दृढ सकल्प करले और वृहत् राजस्थान की संभावित राजधानी जयपुर नगर मे जो कि हमेशा से जैनियों का केन्द्र रहा है, इस ग्रन्थालय को उन्नत बना कर जैनधर्म की सच्ची सेवा व प्रभावना मे हमारा हाथ बटावे—सबसे हमारी यही प्रार्थना एवं अनुरोध है।

समाज का नम्र-सेवक

रामचन्द्र खिन्दूका

मन्त्री—

प्रबन्ध कारिणी कमेटी

श्री दि० जैन अतिशयक्षेत्र श्री महावीरजी

जयपुर।

शुद्धाशुद्धि पत्र

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध	जोडिये
२	६	अंतरायमला	अंतरायमल	
४	१४			टीकाकार-महेन्द्रसूरि
६	४	माणिक्क	माणिक्कराज	
१४	१८	गौतम स्वामी	पूज्यपाद स्वामी	
१५	१०	प्राकृत	अपभ्रंश	
२५	१२	सिन्दी	हिन्दी	
५३	६	गोबालोत्तर	गोपालोत्तर	
५३	१२	दशान	दर्शान	
७२	११	रचना	लिपि	
७२	११	लिपि	रचना	
७५	१४	गोहीका	गोदीका	
७८	६	नान्दितादिछद	नन्दिछंद	
६६	५			
९७	२	रचयिता	भाषाकार	
११८	२०	ब्रह्मजिनदास	पाडे जिनदास	
१५४	३	गद्य	पद्य	
१५६	२२			रचयिता हरिभद्र सूरि टीकाकार गुणरत्नसूरि
१६१	१६	अहर्लेव	अहर्देव	
१६१	५	दिन्दी	हिन्दी	
१६३	८	नसुनन्दि	वसुनन्दि	
१६७	१६	अन्मित	अन्तिम	

श्री दिगम्बर जैन शास्त्र भण्डार, आमेर
(जयपुर)
ग्रन्थ--सूची

अ

१ अंकुरारोपण विधान

रचयिता पं० आशाधर। भाषा-संस्कृत। पत्र संख्या ६. साइज १०॥×४॥ इञ्च। विषय-धार्मिक। पं० आशाधर के प्रतिष्ठापाठ मे से उक्त प्रकरण लिया गया है।

२ अजित शांति स्तोत्र

रचयिता-अज्ञात। भाषा प्राकृत। पृष्ठ संख्या ३. गाथा संख्या ४०

प्रति नं० २. पत्र संख्या २ साइज १०॥×४ इञ्च। लिपि सवत् १६२६ लिपिकर्त्ता ने बादशाह अकबर के शासन काल का उल्लेख किया है।

३ अजीर्ण मंजरी

रचयिता-अज्ञात। पृष्ठ संख्या ३ साइज १३×५॥ इञ्च। विषय आयुर्वेद।

प्रति नं० २ पत्र संख्या ३ साइज ११×४॥ इञ्च। लिपिकर्त्ता पं० तेजपाल।

४ अर्जुन गीता

रचयिता-अज्ञात। भाषा-संस्कृत। पत्र संख्या ७. साइज १०×४॥ इञ्च। श्री कृष्ण ने अर्जुन को महाभारत युद्ध के समय जो कर्मयोग का पाठ पढाया था उसी विषय का इसमे वर्णन किया गया है।

५ अठारह नाता

रचयिता-अज्ञात। भाषा-हिन्दी। पत्र संख्या ४. साइज १०×४. मनुष्य के भव परिवर्तन मे उसके सम्बन्धों का भी किस प्रकार परिवर्तन हो जाता है, आदि वर्णन बड़े सुन्दर ढग से इसमे किया गया है।

अढाई द्वीपविधान

रचयिता—श्री मुनि शिवदत्त। भाषा—संस्कृत। पत्र संख्या ७६. साइज १२॥×६ इञ्च। दीमक लग जाने से आरम्भ के १० पृष्ठ फट गये हैं। मंगलाचरण इस प्रकार है—

ऋषभादिवर्द्धमानांतान जिनान नत्वा स्वभक्तित.।
सार्द्धद्वयद्वीपजिन पूजा विरचयाम्यह ॥ १ ॥

अंतरायमल

रचयिता—अज्ञात। भाषा—हिन्दी। पत्र सख्या २ साइज १०॥×४॥ इञ्च। प्रतिलिपि संवत १७२७ मगलाचरण इस प्रकार है—

इदं सयंचियचलणोति दुणवरनाणद सण पईवो।
वंद अरुह वोत्थं समासउ अतरायमल ॥ १ ॥

अनगारधर्मामृत

रचयिता—महा प० आशाधर। भाषा-सस्कृत। पत्र सख्या ६० साइज १२×५. इञ्च। विषय—साधुओं के आचार धर्म का वर्णन। लिपि सवत १८२७. सिरोंज नगर निवासी श्री धरमचन्द ने उक्त ग्रन्थ की प्रतिलिपि करवाई।

प्रति न० २ पत्र संख्या ४५ साइज १२॥×५ इञ्च। ग्रन्थ अपूर्ण। ४५ स आगे के पृष्ठ नही है।

प्रति न० ३ पत्र सख्या ३४५. साइज ११॥×४॥ इञ्च। लिपि सवत १५४६ प्रति सटीक है। टीका का नाम भव्यकुमुद चन्द्रिका है।

अनर्घराघव

रचयिता—श्री मुरारी। भाषा—सस्कृत। पत्र सख्या ६४ साइज ११॥×४॥ इञ्च। लिपि संवत १८३६. विषय श्री रामचन्द्र का जीवन चरित्र का वर्णन।

प्रति न० २ पत्र सख्या ३० साइज ११॥×४॥ प्रति अपूर्ण है।

अनंतजिन पूजा

रचयिता—अज्ञात। भाषा—हिन्दी। पत्र सख्या ५. साइज ११×५॥ इञ्च। प्रति अपूर्ण है। अन्तिम पृष्ठ नहीं है। विषय—श्री अनन्तनाथ की पूजा।

प्रति नं० २ पत्र संख्या ८ साइज १०x४॥ इञ्च लिपि संवत १५६०

११ ✓
अनत व्रत कथा

रचयिता–श्री जीवणराम गोधा। हिन्दी पत्र संख्या ३ साइज ११x५. इञ्च। रचना संवत् १८७१. रचना करने का स्थान रणी (जयपुर)

१२
अनत व्रत कथा

रचयिता–ब्रह्म श्री श्रुतसागर। भाषा–संस्कृत। पत्र संख्या ३ साइज १२x५॥ इञ्च। लिपि संवत १८६५ लिपिकर्त्ता विजयराम।

प्रति नं० २ पत्र संख्या ३ साइज १२x५॥ इञ्च।

१३
अनंतव्रत कथा

रचयिता–अज्ञात। पत्र संख्या १. भाषा–हिन्दी (पद्य) साइज ११॥x५ इञ्च। पद्य संख्या २४.

१४ **अन्नपान विधि**

रचयिता–अज्ञात। भाषा–संस्कृत। पत्र संख्या ४८ साइज १०x५॥। इञ्च। ग्रन्थ अपूर्ण है। विषय खाने पीने के विधान का वर्णन।

प्रति नं० २ पत्र संख्या-४६ साइज १०x६ इञ्च। प्रति अपूर्ण है।

१५ **अनिट् कारिकावृत्ति**

रचयिता–अज्ञात। भाषा–संस्कृत। पत्र संख्या ३. साइज १०॥x४॥ इञ्च। विषय व्याकरण।

प्रति नं० २. पत्र संख्या ६ साइज १०॥x४॥

१६ **१ अनुप्रेक्षा प्रकाश**

रचयिता–आचार्य कुन्दकुन्द। भाषा–प्राकृत। पत्र संख्या ६ गाथा संख्या ८५. साइज ६॥x४ विषय-बारह अनुप्रेक्षाओं का वर्णन।

२ अनुप्रेक्षा

रचयिता–श्री जोगेन्द्रदेव लक्ष्मीचन्द्रदेव। भाषा–प्राकृत। पत्र संख्या ३ साइज ६×४. इञ्च

अनेकार्थध्वनि मंजरी

रचयिता–श्री नन्ददास। भाषा–हिन्दी। पत्र संख्या ६ साइज १२×४ इञ्च। सम्पूर्ण पद्य संख्या १५६ रचना संवत १८२४ मंगसिर कृष्णा दशमी। विषय–शब्दकोष। मंगलाचरण यह है–

यो प्रभु ज्योतिमय जगतमय कारन करत अभेव।
विघन हरन सब शुभ करन नमो नमो भा देव॥

अन्तिम पाठ—

मार्गशीर्ष दशमी रवौ असित पक्ष शुभ जानि।
अब्द अठारह सै वरपि ऊपर चाविस मान॥ १॥
पठन काज लिखि प्रेम कर नंदकिसोर द्विवेद।
ज्ञानी लेहु सुधारि कवि अक्षर ही को भेद॥ २॥

अनेकार्थ नाम माला वृत्ति

रचयिता–आचार्य हेमचन्द्र। भाषा–संस्कृत। पत्र संख्या २५६ साइज १०॥×४॥ इञ्च। ग्रन्थ श्लोक संख्या १२६१०.

इत्याचार्य श्री हेमचन्द्र विरचितायामनेकार्थकोष व्याकर कौमुदीत्यभिधानायां स्वोपज्ञानेकार्थ संग्रहटीकायामानेकार्थी शषाव्ययः काडः समाप्तः।

श्री हेमसूरिशिष्येण श्रीमन्महेन्द्रसूरिणा।
भक्तिनिष्ठेन टीकाया तन्नाम्नेव प्रतिष्ठिता॥ १॥
सम्यक् ज्ञानानधेगुणो रनवाधः श्रीहेमचन्द्रप्रभोः।
प्रथव्याकृतिकौशल व्यसति क्वास्मादृशा तादृश॥
व्याख्याम स्म तथापि तं पुनरिदं नाश्चर्यमतर्मन–
स्तस्या स्वजमपि स्थितस्य हिमवयं व्याख्याम तु ब्रूमह॥ २॥
यल्लक्ष्यं स्मृतिगोचरसमभवत दृष्टं च शास्त्रांतर।
तत सर्वं समदशि किंतु कतिचित् नादृष्ट लक्ष्याः क्वचित॥
असूत्र्यं स्वयमेव तेषु सुमुखि. शाकेषु लक्ष्यं बुधे.।

यस्मात् सप्रति तुच्छकश्मलधियां ज्ञानं कुतः सर्वत. ॥ ३ ॥

(इति श्री अनेकार्थनाममालावृत्ति सपूर्णा ।)

२४
अनेकार्थ मञ्जरी ।

रचयिता अज्ञात । भाषा हिन्दी (पद्य) पत्र संख्या २०. साइज ८॥×५॥ इञ्च । सम्पूर्ण पद्य सख्या १२२

२०
अनेकार्थ संग्रह ।

रचयिता आचार्य हेमचन्द्र । भाषा संस्कृत । पत्र सख्या ३३ साइज १०×४॥ इञ्च । लिपि संवत १५५६ विषय–शब्दकोष ।

२५
अमरकोश ।

रचयिता श्री अमरसिंह । भाषा संस्कृत । पत्र सख्या ५३ साइज १०॥×५॥ इञ्च । लिपि सवत् १८०२.

प्रति नं० २ पत्र सख्या ३१ साइज ११×५ इञ्च । प्रति सटीक है । टीकाकार का कहीं पर भी नाम नही लिखा हुआ है । कोश अपूर्ण है । ३१ से आगे के पृष्ठ नहीं है ।

प्रति न० ३. पत्र सख्या ४६ साइज १२॥×६ इञ्च । कोष अपूर्ण है । केवल २ ही अध्याय हैं ।

प्रति न० ४. पत्र सख्या १२८ साइज ११×५ इञ्च । लिपि सवत १८८०. लिपि स्थान तक्षकपुर । लिपिकार श्री गुमानीराम ।

प्रति नं० ५ पत्र संख्या १४६ साइज १०॥×४॥ इञ्च । लिपि सवत १६२० लिपिस्थान वराड़ । लिपिकार श्री उदयराज ।

प्रति नं० ६ पत्र संख्या ३०८ साइज १०॥×५॥ इञ्च । टीकाकार प० क्षीर स्वामी । लिपि संवत १७४६

प्रति नं० ७, पत्र संख्या ४१. साइज १०×४॥ इञ्च ।

प्रति नं० ८ पत्र संख्या १०८. साइज १०×४॥ इञ्च । ५० से पहिले के तथा १०८ से आगेके पत्र नहीं हैं ।

प्रति नं० ६ भाषा संस्कृत। पत्र संख्या ६६. साइज १०×४।। इञ्च। लिपि संवत १७७२. लिपिस्थान पाटली पुत्र।

अमर सेन चरित्र।

रचयिता श्रीमाणिक्य। भाषा अपभ्रंश। पत्र संख्या ६६ साइज १०।।×४।। इञ्च। लिपि संवत १५७७. प्रति अपूर्ण तथा जीर्ण शीर्ण हो चुकी है। ५७ पृष्ठ पर एक मोहर है जिसमे अरबी भाषा में शब्द लिखे हुये हैं।

अलंकार शेखर।

रचयिता न्यायाचार्य श्री केशवमिश्र। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या ३२ साइज १०×४।। इञ्च। विषय—अलंकार शास्त्र। लिपि संवत १७७५.

अव्ययार्थ।

रचयिता अज्ञात। भाषा—संस्कृत। पत्र संख्या ३ साइज १०।।×४।। इञ्च। विषय—व्याकरण

अस्तिनास्तिविवेकनिगमनिर्णय।

रचयिता अज्ञात। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या २००. साइज १२×६ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर ६ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति मे २८। ३२ अक्षर। ग्रन्थ न्याय शास्त्र का है। २२ अध्याय है।

अश्व चिकित्सा।

रचयिता श्री नकुल। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या २० साइज १०×६ इञ्च। प्रति अपूर्ण है।

अष्ट कर्म प्रकृति वर्णन।

रचयिता श्री दलराम। भाषा हिन्दी (पद्य) पत्र संख्या १६. साइज १२।।×५।। इञ्च। सम्पूर्ण पद्य संख्या २०५ प्रारम्भ के तीन पृष्ठ नहीं हैं। प्रति सुन्दर तथा स्पष्ट है।

अन्तिम भाग—

करमकांड आगम अगम बरनै कु कवि एव।
कै जाने जिन केवली कै जाने गनदेव ।। १ ।।

स्यादवाद जिनवर बचन सत्य करि गहै सयान।
सो भवि कर्म निवारिकै लहे मुक्ति पुरथान ।। २ ।।

टीका सूत्र सिद्धान्त सों कर्मकांड गुन गाय।
जथा सकति कछु वरनयौ बाल बोध हित लाय ॥ २ ॥

× × × ×

यह करम की परकति बखानत एकसो अठताल।
तस माहि बंध अबंध वरनन करत कर्म जंजाल ॥
दलराम केवल बचन सरदहि सत्य करि परमान।
सो भेद कर्म विनासि भवि जन लहत शिवपुर थान ॥ १ ॥

२८ अष्टम चक्रवर्ति कथा

भाषा संस्कृत। पत्र संख्या २. साइज १०×४॥ इञ्च। पद्य संख्या १६ उक्त कथा, 'कथा–कोश' में से ली गयी है।

२९ अष्ट सहस्री।

रचयिता श्री विद्यानन्दि। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या २०६. साइज ११×५ इञ्च। लिपि संवत् १६११ लिपि स्थान गिरिसोपा-दुर्ग (कर्णाटक प्रान्त) विषय–जैन न्याय।

३० अष्टाध्यायी सूत्र।

रचयिता आचार्य श्री पाणिनी। लिपी कर्त्ता श्री सूरि जगन्नाथ। पत्र संख्या ४६ साइज ११॥×५ इञ्च। लिपि संवत १७०० विषय–व्याकरण।

प्रति नं०२ पत्र संख्या ३६ साइज ११×५॥ इञ्च।

३१ अष्टावक्र।

रचयिता अज्ञात। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या ६. साइज ११×५॥ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर १४ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति मे ३८/४४ अक्षर। विषय–साहित्य।

३२ अष्टाह्निका कथा।

रचयिता भट्टारक श्री सुरेन्द्र कीर्ति। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या ५. साइज ११॥×५ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर १३ पंक्तिया तथा प्रति पंक्ति पर ४०,५२ अक्षर। कथा के अन्त मे कवि ने अपना परिचय दिया है।

अष्टाह्निका कथा ।

रचयिता पं० खुशालचन्द । भाषा हिन्दी । पत्र संख्या ४. साइज १२×५ इञ्च । रचना संवत् १७७४ सम्पूर्ण पद्य संख्या ११७. प्रति सुन्दर है ।

अष्टाह्निका कथा ।

रचयिता आचार्य शुभचन्द्र । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या ७ साइज १०॥×५. इञ्च । लिपि संवत १८४६. लिपिस्थान जयपुर ।

प्रति नं० २ पत्र संख्या ६ साइज ११॥×६ इञ्च लिपि संवत १८६१ ।

प्रति नं० ३. पत्र संख्या ४ साइज १२×६ इञ्च ।

अष्टाह्निका कथा ।

रचयिता अज्ञात । भाषा हिन्दी । साइज १०॥×४॥ इञ्च रचना संवत १८७१. "रेणी नगर के निवासी श्री जीवणराम के लिये ग्रन्थ की रचना की गयी" उक्त शब्द प्रशस्ति मे लिखे हुये है ।

अष्टाह्निका व्रतोद्यापन पूजा ।

रचयिता अज्ञात । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या ६ साइज १२×५॥ इञ्च । लिपि संवत १८३६ लिपि-स्थान सवाई माधोपुर (जयपुर) लिपिकार भट्टारक श्री सुरेन्द्रकीर्ति ।

अज्ञान बोधिनी ।

रचयिता श्री शंकराचार्य । भाषा संस्कृत । पृष्ठ संख्या १३ साइज १०×५॥ इञ्च । विषय न्याय ।

अक्षयनिधि पूजा ।

रचयिता अज्ञात । पत्र संख्या ५ भाषा संस्कृत । साइज ११×४॥ इञ्च लिपि संवत १७६८ लिपिकार पं० दोदराज ।

प्रति नं० २ पृष्ठ संख्या २१ साइज ११॥×४॥ इञ्च । पुस्तक मे अन्य पूजाएँ भी हैं ।

आ

आकाश पंचमीव्रत कथा ।

रचयिता अज्ञात । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या ५. साइज ११×४॥ इञ्च । लिपि संवत १६७७ प्रति अपूर्ण है ।

४०
आचारांग सटीक ।

टीकाकार आचार्य श्री शीलाङ्का । भाषा प्राकृत संस्कृत । पृष्ठ संख्या १४३ साइज १२×४। इञ्च । प्रत्येक पृष्ठ पर २२ पंक्तिया तथा प्रति पंक्ति मे ६४–७० अक्षर । विषय-धार्मिक । लिपि संवत् १६०४ श्री कुंभमेरुमहा दुर्ग मे श्री गुण लाभ गणि ने ग्रंथ की प्रतिलिपि बनायी ।

४१
आचारांग सूत्र ।

लिपि कर्त्ता–अज्ञात । भाषा प्राकृत । पत्र संख्या ३१ साइज ११×४ इञ्च । प्रति अपूर्ण है । प्रथम तथा अन्तिम पत्र नहीं है ।

४२
आचारसार ।

रचयिता सिद्धान्तचक्रवर्ति श्री वीरनन्दि । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या ८३ साइज १०×४॥ इञ्च । प्रत्येक पृष्ठ पर ८ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति मे २६–३२ अक्षर । लिपि संवत् १८०४० लिपि स्थान जयपुर ।

प्रति नम्बर २ पत्र संख्या ६१ साइज १०॥×४॥ इञ्च । प्रति अपूर्ण है दीमक लगी हुई है ।

४३
आत्म संबोधन काव्य ।

रचयिता अज्ञात । भाषा प्राकृत । पत्र संख्या ४०. साइज १०×४॥ इञ्च । प्रत्येक पृष्ठ पर १० पंक्तियां और प्रति पंक्ति में २२–२६ अक्षर । प्रति लिपि संवत् १६०७ ।

प्रारम्भ—

जयमंगलगारउ वीमभडारउ भुवणसरणकेवलनयणु ।
लागोत्तमु गोत्तमु सजयशोत्तमु आगहमितहो जिणवयणु ॥

प्रति नं० २. पत्र संख्या २६ साइज ८×४ इञ्च । लिपि संवत १४४८. लिपिकर्त्ता श्री लक्ष्मण । प्रथम दो पत्र नहीं है

प्रति नं० ३ पत्र संख्या २७. साइज १०॥×४॥ इञ्च २२ से २६ तक के पृष्ठ नहीं हैं ।

प्रति नं० ४. पत्र संख्या ३२. साइज १०×४ इञ्च । प्रत्येक पत्र पर ६ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति मे ३०×३४ अक्षर ।लिपि संवत १४३४ ।

आत्म संबोधन पचासिका टीका।

टीकाकार अज्ञात। भाषा प्राकृत-संस्कृत। पत्र संख्या १८. साइज ६॥×३॥ इञ्च। प्रति अपूर्ण है। प्रारम्भ के तथा अन्तिम पृष्ठ नही है।

आत्मानुशासन।

मूलकर्त्ता आचार्य श्री गुणभद्र। भाषाकार- पं० दौलतरामजी। भाषा-संस्कृत-हिन्दी। पत्र संख्या १४८. साइज १०॥×६ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति मे ३०-३६ अक्षर। लिपि संवत १६०४ भाषा सुन्दर और सरल है।

आत्मावलोकन।

रचयिता श्री दीपचन्द कासली वाल। पत्र संख्या ६३ भाषा-हिन्दी गद्य साइज ८॥×५ इञ्च। प्रारम्भ मे प्राकृत भाषा की ११ गाथाओं का १७ पृष्ठ तक हिन्दी गद्य मे अर्थ लिखा गया है किन्तु आगे ग्रन्थ समाप्ति तक लेखक स्वयं बिना गाथाओ के ही विषय को पूर्ण करता है। भाषा बड़ी अच्छी है। उक्त रचना १८ वीं शताब्दि की है। गाथाए किस महा ग्रन्थ म से ली गयी है यह भी अभी मालूम नहीं हो सका है।

प्रति नं०२ पत्र संख्या ६८ साइज ११×५ इञ्च। लिपि संवत १८८३ लिपिकार पं० दयाराम।

आतुर प्रत्याख्यान प्रकीर्ण।

रचयिता श्री भुवन तुंग सूरि। भाषा संस्कृत। पृष्ठ संख्या ५ साइज ११॥×५॥ इञ्च। लिपि संवत १६०० प्रति अपूर्ण पहिला, तीसरा और आठवा पृष्ठ नही है।

आदित्यवार कथा।

रचयिता अज्ञात। भाषा हिन्दी। पृष्ठ संख्या १० साइज १०॥×४॥ इञ्च। पद्य संख्या १५२.

आदिपुराण।

ग्रन्थकर्त्ता महाकवि पुष्पदन्त। पत्र संख्या २४७ साइज ८॥×४ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर १२ पंक्तियां और प्रति पंक्ति मे ४५-५५ अक्षर। कागज मोटा है। सीम लगने से बहुत से पत्रों के अक्षर साफ पढने मे

नहीं आते हैं। पृष्ठ १४ पर आधे कागज मे सोलह स्वप्न और मरुदेवी का चित्र है। चित्र अभी तक स्पष्ट है। पृष्ठ १२ और १३ मे दूसरे के हाथ की लिखावट है। प्रतिलिपि संवत १४६१ भादवा बुदि ६ बुधवार। ३७ परिच्छेद। ग्रन्थ के अन्त मे लिखाने वाले ने अपना वंश परिचय दिया है लेकिन वह अपूर्ण है।

प्रति नं० २. पत्र संख्या ३०७. साइज ११॥x४॥ इञ्च। लिपि संवत १६६३. आमेर नगर में श्री महाराजा मानसिंह के राज्य में ग्रन्थ की प्रतिलिपि हुई थी।

प्रति नं० ३ पत्र संख्या २८८। साइज १२x४॥ इञ्च। लिपि संवत १६६३। लिपिस्थान चोमदुर्ग।

प्रति नं० ४ पत्र संख्या २०४। साइज १२x६॥ इञ्च। प्रति अपूर्ण है। गाथाओं के ऊपर संस्कृत में भी शब्दार्थ दे रखा है।

प्रति नं० ५ पत्र संख्या २१८। साइज १०॥x४॥ इञ्च।

प्रति नं० ६ पत्र संख्या १५४। साइज १०॥x५ इञ्च। प्रति अपूर्ण है।

प्रति नं० ७. पत्र संख्या ६१। साइज १३॥x६ इञ्च। प्रति अपूर्ण है।

५०
आदिपुराण।

रचयिता—श्री **जिनसेनाचार्य** भाषा संस्कृत। पत्र संख्या ६७०। साइज ११॥x५॥ इञ्च। लिपि संवत १६८१ लिपिस्थान मोजमाबाद (जयपुर) लिपिकर्ता श्री जोशी गांगा।

प्रति नं० २ पत्र संख्या ३६६। साइज १२x४॥ इञ्च। लिपि संवत १८०३। लिपिकर्त्ता श्री हरिकृष्ण

प्रति नं० ३. पत्र संख्या ४०४। साइज ११॥x५॥ इञ्च। लिपि संवत १८०६। लिपि स्थान जयपुर। लिपिकर्त्ता छाजूरामजी। लिपिकर्त्ता ने जयपुर के महाराजा श्री माधवसिंह जी के शासन काल उल्लेख किया है। प्रति सुन्दर, स्पष्ट और नवीन है।

प्रति नं० ४. पत्र संख्या ३७१। साइज ११॥x४॥ इञ्च। लिपि बहुत प्राचीन मालूम पड़ती है। अन्तिम पत्र कुछ फटा हुआ है।

प्रति नं० ५ पत्र संख्या ६७२। साइज ११x५ इञ्च। लिपि संवत् १७४६। पंडित शिवजीराम के पुत्र श्री नेमीचन्द्र के पढ़ने के लिये ग्रन्थ को भेंट किया गया।

५१ **आदिपुराण।**

रचयिता भट्टारक श्री सकलकीर्ति। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या १८२। साइज ११॥x५॥ इञ्च।

प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति मे ३४-४० अक्षर । लिपि संवत् १६६८ । लिपिकार ने संग्रामपुर के महाराजा मानसिंह के नाम का तथा जयपुर के दीवान बालचन्दजी का उल्लेख किया है ।

प्रति नं० २. पत्र संख्या १६६ । साइज १३×५ इञ्च ।

प्रति नं० ३ । पत्र संख्या १८८ । साइज ११×५॥ इञ्च । लिपि संवत् १६६८ । लिपि स्थान संग्रामपुर । लिपिकर्ता ने महाराजा मानसिंह के नाम का उल्लेख किया है ।

प्रति नं० ४ पत्र संख्या १६६ । साइज १३×५ इञ्च । लिपि संवत् १८३३ ।

प्रति नं० ५ पत्र संख्या १८८ । साइज ११×५ इञ्च । प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पंक्तिया तथा प्रति पंक्ति मे ३६-४२ अक्षर । प्रति प्राचीन है ।

आदिनाथपुराण ।

रचयिता ब्रह्म श्री जिनदास । भाषा हिन्दी पद्य । पत्र संख्या २१५ साइज १०॥×६ इञ्च । प्रत्येक पृष्ठ पर १३ पंक्तिया और प्रति पंक्ति मे ३०-३५ अक्षर । लिपि संवत् १८५६ लिपिकर्त्ता ब्रह्मचारी प्रेमचन्द ।

मंगलाचरण—

> आदि जिनेश्वर आदि जिनेश्वर आरणसेसु सरस्वती स्वामीने बलस्तवु,
> बुधि सार हू मागउ निरमल, श्री सकलकीर्ति पाय मणमीने ।
> मुनि भुवनकीर्ति गुरुवाहु सौहजला, रासकरी सीहुरुवडो,
> तमपरसादिसार, श्री आदि जिणंद गुण वर्णवु चारित्र जोड़ भवतार ॥१॥

प्रति नं० २ । पत्र संख्या १६। साइज ११×६ इञ्च । प्रति अपूर्ण है ।

आदीश्वर फाग ।

रचयिता भट्टारक श्री ज्ञान भूषण । भाषा संस्कृत हिन्दी । पत्र संख्या ३१ । प्रत्येक पृष्ठ पर ६-११ पंक्तिया और प्रति पंक्ति मे ३०-३८ अक्षर । साइज १०॥×५ इञ्च । श्लोक संख्या ५६१ । लिपि संवत् १६३५ । लिपि स्थान मालपुरा । ग्रन्थ म भगवान आदिनाथ के निर्वाण कल्याण का वर्णन किया गया है ।

प्रारम्भ—

> यो वृंदारकवृंद वंदितपदो जातो युगादौ जया,
> हत्वा दुर्जयमोहनीयमखिलं शेषं च घातित्रयं ।

कृत्वा केवलबोधन जगदिदं संबोध्य मुक्ति गत-
स्तत्कल्याणिकपंचक सुरकृतं व्याचरणेयामि स्फुट ॥१॥
श्राहे प्रणमीय भगवति सरसति जगति विबोधनमाय।
गाइस्यू आदि जिणंद सुरदवि वंदित पाय॥ १ ॥

५४
आनंदस्तोत्र ।

रचयिता श्री महानन्द। भाषा अपभ्रंश। पत्र संख्या ४. गाथा संख्या ४३। साइज १०×४। इञ्च। विषय-चरणानुयोग।

५५ आलाप पद्धति ।

रचयिता श्री पं० देवसेन। भाषा सस्कृत। पत्र संख्या ११। साइज ११×५ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर ८ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति मे ३४-४० अक्षर। लिपि सवत् १७६४। लिपि स्थान-चमवा (जयपुर) विषय तत्व विवेचन।

प्रति नं० २. पृष्ठ संख्या ७. साइज ११॥×४॥

प्रति नं० ३ पृष्ठ संख्या २० १०॥×६ इञ्च। लिपि संवत १७७५ फागुण सुदी ११।

प्रति नं० ४ पृष्ठ सख्या १८. साइज १०॥×४॥ इञ्च।

प्रति नं० ५ पृष्ठ सख्या १३ साइज १०॥×४ इञ्च। प्रति अपूर्ण है।

प्रति नं० ६ पृष्ठ सख्या १३ साइज १०॥×५ इञ्च।

प्रति नं० ७ पृष्ठ संख्या ६. साइज १२×५ इञ्च।

प्रति नं० ८. पत्र संख्या ८ साइज ६×५॥ इञ्च। प्रति अपूर्ण है।

प्रति नं० ६. पत्र सख्या १४. साइज १०॥×४॥ इञ्च। लिपि संवत १७६३। लिपिकार-लूणकरण।

प्रति नं० १० पृष्ठ संख्या १०. साइज १०॥×४॥ इञ्च। अन्त मे नयसंकेतदीपिका भी इसका नाम दे रखा है।

प्रति नं० ११. पत्र संख्या ८। साइज १०×४ इञ्च। लिपि संवत १७७० लिपिस्थान पाटलिपुत्र।

आरम्भसिद्धि वार्त्तिक।

रचयिता श्री उदयप्रभ। टीकाकार श्री वाचनाचार्य हेमहंस गणि। भाषा संस्कृत। पृष्ठ संख्या १७८ साइज १०॥×४॥ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर १५ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में ४४-५० अक्षर। रचना संवत १५१४ विषय–ज्योतिष। ग्रंथ के अन्त में प्रशस्ति दी हुई है।

आराधनासार।

रचयिता पं० देवसेन। भाषा प्राकृत। पत्र संख्या ४१। साइज १०॥×४॥ इञ्च। गाथा संख्या ११५। संस्कृत में भी कहीं २ अर्थ दे रखा है। विषय–आध्यात्मिक।

प्रति नं० २ पृष्ठ संख्या ६ साइज १०॥×४॥ इञ्च। प्रति अपूर्ण है।

प्रति नं० ३ पत्र संख्या ११ साइज ६॥×६ इञ्च।

प्रति नं० ४ पृष्ठ संख्या १२ साइज १०×४ इञ्च। प्रति अपूर्ण है। १२ पृष्ठ से आगे के पृष्ठ नहीं हैं।

आराधनासार वृत्ति।

रचयिता श्री पं० आशाधर। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या ७ साइज ११॥×५॥ इञ्च। लिपि संवत १५८१ विषय–धार्मिक।

आत्रेय संहिता।

रचयिता श्री आत्रि ऋषि। भाषा संस्कृत। पृष्ठ संख्या १३७ साइज १२×५ इञ्च। लिपि संवत १८४० विषय–आयुर्वेदिक।

इ

इष्टोपदेश।

रचयिता गौतमस्वामी। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या ६ साइज १०॥×४॥ इञ्च। पद्य संख्या ५२ विषय आध्यात्मिक।

इष्टोपदेश।

रचयिता अज्ञात। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या १६ साइज ६×५ इञ्च।

उ

६२
उड्डीस महसतन्त्र ।

रचयिता अज्ञात। पत्र संख्या ३३ साइज ८×४॥ इञ्च। भाषा संस्कृत। लिपि संवत् १८८२.

६३
उणादि सूत्रवृत्ति ।

टीकाकार श्री उज्वलदत्त। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या ८५. साइज ८॥×४॥ इञ्च। लिपि संवत् १८३०.

मंगलाचरण—

हेरम्बमीश्वर वाचं नमस्कृत्य परं गुरो ।
श्रीमदुज्वलदत्तेन क्रियते वृत्तिरुत्तमा ॥ १ ॥

६४
उत्तरपुराण ।

रचयिता महाकवि पुष्पदन्त। भाषा प्राकृत। पत्र संख्या ४७३ साइज १०॥×५॥ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर १० पंक्तियां और प्रति पंक्ति में ३८-४४ अक्षर। ग्रन्थ अपूर्ण। ४७३. से आगे पृष्ठ नहीं है।

६५
उत्तरपुराण (सटीक) ।

टीकाकार प्रभाचन्द्राचार्य। भाषा अपभ्रंश-संस्कृत। पत्र संख्या ४७. साइज १०॥×५॥ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पंक्तियां और प्रति पंक्ति में ३७-४३ अक्षर। टीकाकाल १०८० लिपि संवत १५७७। लिपिस्थान नागपुर।

६६
उत्तरपुराण ।

रचयिता गुणभद्राचार्य। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या ३७३ साइज १०॥×६ इञ्च। प्रति नवीन तथा स्पष्ट है।

प्रति नं० २ पत्र संख्या २७६. साइज ११॥×५॥ इञ्च। लिपिसंवत १८०४ ज्येष्ठ सुदि ५ बृहस्पतीवार। लिपि स्थान जयपुर लिपि कर्त्ता यति श्री चिमनसागर। श्री घणराजजी जीवणरामजी ने लिपि करवायी। प्रति के दोनों तरफ कठिन शब्दों का सरल अर्थ दे रखा है। प्राचीन शोधित प्रति है।

उत्तरपुराण।

रचयिता भट्टारक सकलकीर्ति। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या २१६. साइज १०॥×५ इञ्च। लिपि संवत् १६०५. प्रति नवीन है।

उदय प्रभारचना।

रचयिता श्री उदयप्रभाचार्य। भाषा संस्कृत। पृष्ठ संख्या ४४ साइज ११॥×५॥ प्रत्येक पृष्ठ पर १४ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में ३५–४० अक्षर। विषय-जैन दर्शन। ग्रन्थ कार ने आचार्य हेमचन्द्र श्री सिद्धसेन दिवाकर महाराज कुमार पाल आदि का भी उल्लेख किया है। श्री सिद्धसेन दिवाकर विरचित द्वात्रिंशद्वात्रिंशका के अनुसार इस ग्रन्थ की रचना की गयी है। ग्रन्थ सटीक है। कारिकाओं की टीका है जो स्पष्ट और सरल है। ग्रन्थ अपूर्ण है ४४ से आगे के पृष्ठ नहीं है।

मंगलाचरण—

यस्य ज्ञानमनंतवस्तुविषयं पूज्यते देवतै.।
नित्यं यस्य वचो न दुर्नयकृतैः कोलाहलैर्लुप्यते॥
रागद्वेषमुखाद्विषा च परिषत् क्लिष्टाक्षणाद्येन सा
स श्री वीरप्रभुर्विधूतकलुषा बुद्धिं विधत्ता मम॥ १॥

उपदेशरत्नमाला।

रचयिता आचार्य श्री सकल भूषण। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या १३६ पद्य संख्या ३३८३ रचना संवत् १६२७. लिपि संवत् १७४५ भट्टारक श्री जगत्कीर्ति के शासनकाल मे श्री गंगाराम छावड़ा श्री वनमाली दास पहाड्या, श्री मनरामसेठी, श्री वेणा पाड्या, श्री माधोसाह पाटणी, श्री जंगा सोनी, श्री पूरा अजमेरा आदि सज्जनों ने उक्त ग्रन्थ की प्रतिलिपि कराई।

आरम्भ—

तीर्थंकरों की स्तुति करने के पश्चात् पूर्व प्रसिद्ध आचार्यों का इस प्रकार स्मरण किया है—

श्रीमद्वृषभसेनादिगौतमांतगणेशिनः।
वंदे विदितसर्वार्थान् विश्वर्द्धिपरिभूषिताम॥ १॥
श्रीकुन्दकुन्दनामानं यतीसंयतमत्सरं।
उमास्वातिसमंतादिभद्रांतंपूज्यपादकं॥ २॥

अकलंकं कलाधारं नेमिचद्रं मुनीश्वरं ।
विद्यानंदं प्रभाचद्रं पद्मनंदं गुरुं परं ॥ ३ ॥
श्रीमत्सकलकीर्त्याख्य भट्टारकशिरोमणिं ।
भुवनादिसुकीर्त्यं तत् गच्छाधीश गुणोद्धुरं ॥ ४ ॥

अन्तिमभाग—

श्रीमूलसंघतिलके वरनंदिसंघे, गच्छे सरस्वतिसुनाम्नि जगत्प्रसिद्धे ।
श्रीकुंदकुंदगुरुपट्टपरंपराया श्रीपद्मनंदि मुनयः समभूज्जिताच्चः ॥ १ ॥
[illegible]ट्टधारी जनचित्तहारी पुराणमुख्योत्तमशास्त्रकारी ।
[illegible] ट्टारक श्रीसकलादिकीर्त्ति. प्रसिद्धतामार्जनापुण्यमूर्त्तिः ॥ २ ॥
[illegible]वनकीर्त्तिगुरुस्ततउर्ज्जिते भुवनभासनशासनमंडनः ।
अजनि तीव्रतपश्चरणक्षमो विविधधमसमृद्धिसुदेशकः ॥ ३ ॥
[illegible]ज्ञानभूषपरिभूषितांगं प्रसिद्धपाण्डित्यकलानिधानः ।
श्रीज्ञानभूषाख्यगुरुस्तदीय पट्टोदयाद्राविवभानुरासीत ॥ ४ ॥
भट्टा[illegible] श्रीविजयादिकीर्त्तिस्तदीयपट्टे परिलब्धकीर्त्तिः ।
[illegible]मनामोक्षसुखाभिलाषा बभूव जैनावनियान्यपादः ॥ ५ ॥
[illegible]रकः श्री शुभचन्द्रसूरि तत्पट्टपवे रुहतिग्मरश्मि. ।
त्रैविद्यवंद्य. सकलप्रसिद्धो वादीभसिंहोजयतिधरित्र्या ॥ ६ ॥
पट्टे तस्य प्रीणितप्राणिवर्गः शांतोदांतः शीलशाली सुधीमान् ।
जीयात्सूरिश्रीसुमत्यादिकीर्त्ति गच्छाधीश. कर्मकांतिकलावान् ॥ ७ ॥
तस्याभूच्च गुरुभ्राता नाम्नासकलभूषणः ।
सूरिर्जिनमतेलीनमनाः सतोषपोषकः ॥ ८ ॥
तेनोपदेशसद्रत्नमालसज्ञोमनोहरः ।
कृता कृतिजनानद निमित्तं ग्रंथणकः ॥ ६ ॥
श्री नेमिचंद्राचार्यादियतीनामाग्रहात्कृतः ।
सद्वर्द्धमानायेलादि प्रार्थनातोमयंपक ॥ १० ॥
सप्तविंशत्यधिके षोडशशतसंवत्सरे सुविक्रमतः ।
श्रावणमासे शुक्ले पक्षे षष्ठ्यं कृतोग्रंथः ॥ ११ ॥

ग्रन्थ का दूसरा नाम षट्कर्मोपदेशरत्नमाला भी है ।

इति श्री भट्टारक श्री शुभचन्द्रशिष्याचार्य श्रीसकलभूषणविरचितायामुपदेशरत्नमालायां षट्कर्म—
प्रकाशिकायां तपोदानवर्णनो नामाष्टादशम परिच्छेद ॥

१० उवदेशमाला ।

रचयिता श्री धर्मदासगणि । भाषा अपभ्रंश। पत्र संख्या १८. साइज १०×४ इञ्च । प्रत्येक पृष्ठ पर १३ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति मे ४४-४० अक्षर । प्रति प्राचीन है । कुछ कुछ पत्र गलने भी लग गये हैं ।

मंगलाचरण --

नमि ऊण जिणवरिंद इन्दनरिंदच्चिणतिल्लोय गुरू ।
उवए समालमिणमो वुच्छामि गुरुवएसण ॥ १ ॥
जगचूडामणिभूउ उस भोवीरोतिलोयसिरि तिलउ ।
एगोलोगाइच्चो एगो चक्खु तिहुवणस्स ॥ २ ॥

अन्तिम पाठ—

इयधम्मदासगणिणा जिणवयणुवएसकज्जमालाए ।
मालव्वविविहकुसुमा कहिया उ सुसीसवग्गस्स ॥ १ ॥
संतिकरी बुद्धिकरी कल्लाणकरी सुमंगलकरीय ।
होउ कहगस्सपरिसाए तहय निव्वाणफलदाई ॥ २ ॥
इत्थ समप्पइ इणमो माला उवएसपगरणपगय ।
गाहाणं सव्वग्गं पंचसयाचेवचालीसा ॥ ३ ॥
जावइ लवणसमुद्दो जावइसम्मत्तमंडिउमेरू ।
तावय रईयामाला जयम्मिथिरावराहा ॥ ४ ॥

प्रति नं० २ पत्र संख्या २० साइज १०॥×४॥ प्रति पूर्ण तथा शुद्ध है ।

११ उपासकाध्ययन ।

रचयिता आचार्य वसुनन्दि । भाषा प्राकृत । पत्र संख्या २५ साइज ११×५ इञ्च लिपि संवत् १६०२ चैत्र शुक्ला चतुर्दशी । लिपि स्थान—तक्षक महादुर्ग ।

प्रति नं० २ पत्र संख्या २६ साइज १०॥×५ इञ्च । लिपि संवत् १६१७ लिपिस्थान तक्षकगढ महा-

दुर्ग। लिपि कर्त्ता ने अन्त मे एक लम्बी चौडी प्रशस्ति लिखी है। प्रशस्ति मे महाराजाधिराज श्री रामचन्द्र के राज्य का उल्लेख किया है।

प्रति नं० ३ पत्र सख्या ३५ साइज १०x४॥ इञ्च। लिपि संवत १६७३ लिपि स्थान गढचंपावती। अन्त मे प्रतिलिपि कराने वाले का अच्छा परिचय दे रखा है।

६२
उपासकाचार।

रचयिता आचार्य श्री लक्ष्मीचद्र। भाषा प्राकृत। पत्र सख्या २०, साइज १०॥x५ इञ्च। सम्पूर्ण गाथा संख्या २२४ लिपि संवत १८२२ लिपिस्थान जयपुर।

ऊ

६३
ऊष्म विवेक कोष।

रचयिता अज्ञात। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या १४ साइज १०॥x५ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर १२ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति मे ३२-३८ अक्षर। विषय-व्याकरण।

ए

६४
एकावली व्रतकथा।

रचयिता अज्ञात। पत्र सख्या २५ साइज १०x५ इञ्च। भाषा संस्कृत। प्रति अपूर्ण है। लिपि कार ने जगह २ खाली स्थान छोड रखे है शायद लिपिकर्ता ने भी अशुद्ध लिपि मे प्रतिलिपि बनाई है।

६५
एकीभावस्तोत्र।

रचयिता श्री वादिराजसूरि। भाषा संस्कृत। पत्र सख्या १० साइज ११॥x४॥ इञ्च। प्रति सटीक है। टीकाकार ने अपना उल्लेख नहीं किया है।

प्रति नं० २ साइज १०x५ इञ्च। पत्र सख्या १० प्रति सटीक है।

प्रति नं० ३ पत्र सख्या २३ साइज १३x५ इञ्च। प्रति सटीक है। टीकाकार श्री श्रुतसागर सूरि है।

प्रति नं० ४ पत्र सख्या ८ साइज १२x५ इञ्च। लिपि सवत् १७६६. प्रति सटीक है।

६६
एकीभावस्तोत्र।

मूलकर्त्ता श्री वादिराज। भाषाकार श्री पंडित हीरानन्द। भाषा हिन्दी। पत्र संख्या ४ साइज १०॥x५॥ इञ्च।

प्रति नं० २ पत्र सख्या ४. साइज ११×४ इञ्च ।

ऋ

ऋतु वर्णन ।

रचयिता अज्ञात । भाषा । संस्कृत । पत्र संख्या ३. साइज ११×४॥ इञ्च । प्रति अपूर्ण है

ऋतुसंहार ।

रचयिता महाकविकालिदास । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या १३. साइज ११॥×४॥ इञ्च । लिपि संवत १८६६. लिपि स्थान पचेवर । लिपि भट्टारक श्री सुरेन्द्र कीर्त्ति के शिस्य नैनसुख के पढने के लिपि बनायी गयी ।

प्रति नं० २. पत्र संख्या १५. साइज ६×६॥ इञ्च । लिपि संवत १८३० ।

ऋषिमंडलस्तोत्र ।

रचयिता अज्ञात । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या १२. साइज ६×५ इञ्च । प्रति नवीन है ।

ऋषिमंडलपूजा ।

रचयिता गुणनन्दि । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या १८. साइज ११×४॥ लिपिकार प० कगट्ट । लिपि स्थान टोंक ।

प्रति नं० २. पत्र संख्या २२ साइज १०॥×४॥ इञ्च । लिपि संवत् १७६८. श्री कनककीर्त्ति के शिष्य श्री सदाराम ने उक्त पूजा की प्रतिलिपि बनायी ।

क

कथाकोष ।

अज्ञात । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या ३५. साइज १०॥×४॥ इञ्च । लिपि संवत १७१७ लिपि स्थान सिलपुर । प्रति अपूर्ण है । प्रथम २३. पृष्ठ नहीं है ।

ग्रन्थ का अन्तिम भाग—

व्यासेन कथिता पूर्वेल्लेखको गणनायकं ।
तस्यैव चालिता दृष्टिः मनुष्यानां च का कथा ॥ १ ॥

८२
कथासंग्रह ।

संग्रहकर्त्ता अज्ञात । भाषा हिन्दी । पत्र संख्या ११. साइज ११॥×५ इञ्च । दीमक लगजाने से ग्रंथ फट गया है ।

८३
कथासंग्रह ।

संग्रह कर्त्ता अज्ञात । भाषा हिन्दी (पद्य) पत्र संख्या २६. साइज १०॥×५॥ इञ्च । प्रत्येक पृष्ठ पर १० पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में २५–३० अक्षर । संग्रह में बारह व्रत कथा, मौन एकादशी व्रत कथा, श्रुतस्कंध व्रत कथा, कोकिला पंचमी व्रत कथा, और रात्रि भोजन कथा है । ये कथायें निम्न कवियों के द्वारा लिखी हुई हैं।

नाम कथा	कवि नाम
बारह व्रत कथा	ब्रह्म चंद्र सागर
मौन एकादशी व्रत कथा	ब्रह्म ज्ञान सागर
श्रुतस्कंध व्रत कथा	"
कोकिला पंचमी व्रत कथा	"
रात्रि भोजन कथा	अज्ञात

८४
कथाविलास ।

रचयिता अज्ञात । भाषा हिन्दी गद्य । पत्र संख्या ८०. साइज १०॥×४॥ इञ्च । विषय गंगावतरण । प्रति अपूर्ण है । ८० से आगे के पृष्ठ नहीं है । प्रति नवीन है ।

८५
कमलचंद्रायणव्रतोद्यापन ।

रचयिता श्री देवेन्द्रकीर्ति । भाषा संस्कृत । पृष्ठ संख्या ३. साइज ११×४॥ इञ्च । लिपि संवत १७८२. लिपि स्थान सवाईमाधोपुर ।

प्रति नं० २. पत्र संख्या ४. साइज ११॥×४॥ इञ्च । लिपि संवत् १८३६ ।

८६ **कर्णामृतपुराण**

रचयिता भट्टारक श्री विजयकीर्त्ति । भाषा हिन्दी । पृष्ठ संख्या ८२. साइज ८×७ इञ्च । विषय—भगवान आदिनाथ से लेकर भगवान महावीर के पूर्व भवों का वर्णन दिया हुआ है । अध्याय अडतीस । रचना

संवत १८२६ अन्त मे लेखक ने अपना भी परिचय दिया है लेकिन ६० से आगे के पृष्ठ एक दूसरे के चिपकने से पढने में नहीं आसकते।

कर्मकांड सटीक।

ग्रंथ कर्त्ता श्री नेमिचन्द्राचार्य। भाषा प्राकृत। टीकाकार श्री सुमतिकीर्त्ति सूरि। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या ६०. साइज ११॥x५॥ इञ्च। ग्रंथ प्रमाण १३७४ श्लोक। लिपि संवत १७०६।

प्रति नं० २. पत्र संख्या २४. साइज ११x५॥ इञ्च। लिपि संवत १६२२।

कर्मचूरव्रतोद्यापन।

रचयिता श्री लक्ष्मीसेन। भाषा हिन्दी। पत्र संख्या ८ साइज ११x५॥ इञ्च। लिपि संवत १८४८

कर्मदहन पूजा।

रचयिता अज्ञात। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या १३ साइज १२x५॥ इञ्च।

प्रति नं० २ पत्र संख्या १४ साइज ११॥x५ इञ्च

कर्मप्रकृति।

मूलकर्त्ता आचार्य नेमिचन्द्र। टीकाकार अज्ञात। भाषा प्राकृत संस्कृत। पत्र संख्या ५६ साइज ६॥x४॥ इञ्च। विषय—गोम्मिटसार कर्मकाण्ड की मुख्य २ गाथाओं का संकलन और उन पर संस्कृत मे टीका। टीका सरल और स्पष्ट है। लिपि संवत १५७७ मंडलाचार्य श्री धर्म्मचन्द्र के शासनकाल में खंडेलवालवंशोत्पन्न श्री पयाइल ने नागपुर नगर म ग्रंथ की प्रतिलिपि कराई।

प्रति नं० २ पृष्ठ संख्या १४ साइज १०x५॥ इञ्च। लिपि संवत १८००

प्रति नं० ३ पृष्ठ संख्या ६. साइज १०॥x४॥ इञ्च। केवल मूल है। गाथा संख्या १६०

प्रति नं० ४ पृष्ठ संख्या १६ साइज १०x५॥ इञ्च।

प्रति नं० ५ पृष्ठ संख्या १४. साइज १०x४॥ इञ्च।

प्रति नं० ६ पृष्ठ संख्या २० साइज ११॥x४ इञ्च। लिपि संवत १७६२. श्री आनंदरामजी के लिए श्री हेमराज ने लिखी।

प्रति नं० ७ पृष्ठ संख्या ४४. साइज ११x४॥ इञ्च। प्रति सटीक है। टीकाकार श्री सुमतिकीर्ति। टीका संस्कृत में है।

प्रति नं० ८ पृष्ठ संख्या २१ साइज १०॥x४॥ इञ्च। लिपि संवत १६२१. लिपिस्थान चंपावती।

प्रति नं० ९. पत्र संख्या १३. साइज १०॥x४॥ इञ्च।

प्रति नं०. १०. पृष्ठ संख्या १२. साइज ११॥x४ इञ्च।

प्रति नं० ११. पृष्ठ संख्या १३. साइज ११॥x४॥ इञ्च

प्रति नं० १२. पृष्ठ संख्या १८ साइज १२x७॥ इञ्च।

प्रति नं० १३. पृष्ठ संख्या १६. साइज १२x६ इञ्च।

४१.
कर्मविपाक।

रचयिता भट्टारक श्री सकलकीर्ति। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या २०. साइज १०x४॥ इञ्च।

अन्तिम अंश—

इति भट्टारक सकलकीर्तिदेवविरचितकर्मविपाक ग्रंथ समाप्त। महिमासननपुरे श्रीआदिनाथचैत्यालये ब्रह्म माह सान्येन स्वहस्तेन लिखित।

४२.
कर्मस्वरूप।

टीकाकार पं० श्री जगन्नाथ। भाषा प्राकृत–संस्कृत। पत्र संख्या ४४ साइज १३x६॥ इञ्च। लिपि संवत १७९८ श्री नेमिचन्द्राचार्य के गोमट्टसार कर्मकांड नामके ग्रंथ में प्रमुख ? गाथाओं का संस्कृत में अर्थ लिखा गया है। आदि के पृष्ठ नहीं है।

४३
कल्पसूत्र।

रचयिता श्री भद्रबाहु स्वामी। भाषा प्राकृत। पत्र संख्या १४७ साइज १०x४ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर १४ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में ४८–४४ अक्षर। लिपि संवत् १७८६. प्राकृत भाषा से संस्कृत में टीका भी है।

प्रति नं० २. पत्र संख्या ८८. साइज १०॥x४॥ इञ्च। लिपि संवत् १५४५. मन्त्री श्री सारंग ने श्री देवनंदन के उपदेश से ग्रन्थ की प्रतिलिपि बनवायी।

कल्याणमंदिरस्तोत्र ।

रचयिता श्री कुमुदचन्द्राचार्य । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या १४. साइज १०॥×५ इञ्च । प्रति सटीक है । प्रथम पृष्ठ फटा हुआ है ।

प्रति नं० २ पत्र संख्या १५. साइज १०॥×४॥ इञ्च । लिपि संवत १५६५ प्रशस्ति है लेकिन अपूर्ण है । लिपि स्थान चंपावती ।

प्रति नं० ३. पत्र संख्या १५. साइज १०॥×४ इञ्च । लिपि संवत १६३६. लिपिस्थान–मालपुरा (जयपुर) । प्रति सटीक है । टीकाकार केशवगणि हैं ।

प्रति नं० ४ पत्र संख्या ४. साइज ११॥×५ इञ्च । लिपि संवत् १५१८. लिपिकार–अमरदेवगणि ।

प्रति नं० ५ पत्र संख्या १५. साइज १०॥×४ इञ्च । प्रति अपूर्ण है । प्रथम पृष्ठ नहीं है ।

प्रति नं० ६. पत्र संख्या १३. साइज १०×४॥ इञ्च । प्रति सटीक है ।

प्रति नं० ७. पत्र संख्या ७. साइज ११×४ इञ्च । प्रति सटीक है ।

प्रति नं० ८ पत्र संख्या २०. साइज १२×६ इञ्च । प्रति सटीक है । टीका विस्तृत है । प्रति अपूर्ण है । २० से आगे के पृष्ठ नहीं है ।

प्रति नं० ९. पत्र संख्या ७. साइज १२×५॥ इञ्च । लिपि संवत १७८७.

प्रति नं० १०. पत्र संख्या ८. साइज १०×४ इञ्च ।

प्रति नं० ११. पत्र संख्या ४. साइज १०×४ इञ्च । स्तोत्र की लिपि की मानबाई ने करवायी लिपिकाल अज्ञात ।

प्रति नं १२. पत्र संख्या४. साइज १०×४॥ इञ्च । लिपि संवत् १८०६ । लिपि स्थान उदयपुर । लिपि कर्ता श्री जिनदास मुनि ।

प्रति नं १३. पत्र संख्या ३०. साइज १२×४॥. लिपि संवत् १८३८.

करकण्डु चारित्र ।

रचयिता मुनि कनकामर । भाषा अपभ्रंश ।पत्र संख्या ६८ साइज १०×४॥. इञ्च प्रत्येक पृष्ठ पर १०

पंक्तिया और प्रति पक्ति मे ३८–४२ अक्षर। प्रतिलिपि संवत १५६३ माघ सुदि १३।

प्रति नं० २. पत्र संख्या ६२. साइज १०॥x५ इञ्च। प्रतिलिपि संवत १५८१ चैत्र सुदि ६। लिपि कर्त्ता की प्रशस्ति दी हुई है।

प्रति नं० ३ पत्र संख्या ६१ साइज १२x५ इञ्च। लिपि संवत १६१६ भट्टारक अभयचन्द्र के समय म क्षुल्लिका चन्द्रमती ने प्रतिलिपि बनाई।

प्रति नं० ४ पत्र संख्या ८३ पत्र संख्या ६x४ इञ्च। आदि के २ तथा अन्त के पृष्ठ नहीं हैं।

९६
करकंडु चरित्र।

रचयिता आचार्य शुभचन्द्र और मुनि श्री सकलभूषण। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या १०६ साइज ११x५ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर १० पक्तिया तथा प्रति पंक्त मे २८–३६ अक्षर। ग्रन्थ के अन्त में २३ पद्यों की एक विस्तृत प्रशस्ति दी हुई है। प्रथम चार पृष्ठ नहीं है।

९७
कविप्रिया।

रचयिता कवि केशवदास। भाषा हिन्दी। पत्र संख्या ४६ साइज १०x४ इञ्च। प्रथम २ पृष्ठ नहीं हैं।

९८
कातन्त्र व्याकरण।

रचयिता श्री सर्ववर्मा। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या ४५ साइज ११॥x५ इञ्च। केवल सूत्र मात्र हैं।

प्रति नं० २. पत्र संख्या २० साइज १०x४ इञ्च। प्रति अपूर्ण है।

प्रति नं० ३. पत्र संख्या १२। साइज १०x४॥ इञ्च। प्रति अपूर्ण है।

९९ काम प्रदीप।

रचयिता श्री गुणाकर। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या २३ साइज १०x४ इञ्च। प्रति अपूर्ण है। अन्त के पृष्ठ नहीं है।

१०० कारकविलास।

रचयिता अज्ञात। पत्र संख्या ४. भाषा संस्कृत। साइज १०॥x५॥ इञ्च।

प्रति नं० २. पत्र संख्या ६. साइज १०॥x५ इञ्च।

कालज्ञान ।

रचयिता अज्ञात । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या १०. साइज १०॥x५ इञ्च । विषय-आयुर्वेद । प्रति अपूर्ण है । प्रारम्भ के पृष्ठ नहीं हैं ।

कालज्ञान ।

रचयिता अज्ञात । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या ५४ साइज ११x५ इञ्च । विषय ज्योतिष ।

काव्यादर्श ।

रचयिता महाकवि श्री दंडी । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या ३८ साइज ६x३ इञ्च । केवल तीन परिच्छेद हैं ।

प्रति नं० २, पत्र संख्या १२ साइज १०॥x४ इञ्च । प्रति अपूर्ण है ।

काव्यप्रकाश ।

रचयिता श्री मम्मट । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या २४३ साइज १०x४॥ इञ्च । विषय-अलंकार शास्त्र । लिपि संवत १६६८.

प्रति नं० २ प्रति सटीक है । टीकाकार श्री महेश्वर न्यायालंकार । पत्र संख्या २२५. साइज ११x५ इञ्च । लिपि संवत १८२२ प्रति नवीन ।

प्रति नं ३ कारिका मात्र । पत्र संख्या ५ कारिका संख्या १८६ ।

काव्यालंकार ।

रचयिता श्री रुद्रट । टीकाकार पंडित श्री नमि । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या १५२ साइज १०x४॥ इञ्च ।

किरणावली सटीक ।

रचयिता उदयनाचार्य । टीकाकार अज्ञात । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या १७६ साइज १०x४॥ इञ्च । विषय-न्याय । लिपि संवत १६२४ इस ग्रंथ का भण्डार में ४ प्रति और है ।

किरातार्जुनीय ।

रचयिता महाकवि भारवि । टीकाकार प्रकाशवर्ष । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या २१६ साइज १०x४॥ इञ्च ।

प्रति नं० २. मूलमात्र है। पत्र संख्या ४३ साइज १०×४ इञ्च। लिपि संवत १७५०. लिपि कर्त्ता श्री केशर सागर।

प्रति नं० ३. पत्र संख्या १६६ साइज ११॥×५॥ इञ्च। लिपि संवत् १८७० प्रति सटीक है। टीका कार श्री एकनाथ भट्ट।

प्रति नं० ४ पत्र संख्या १४५ साइज १०×४ इञ्च। लिपि संवत् १७५३ लिपि कर्त्ता महात्मा सावलदास।

प्रति नं० ५ पत्र संख्या १५८. साइज १०॥×४ इञ्च. लिपि संवत् १७१६. लिपि स्थान मोजमाबाद (जयपुर)।

प्रति नं० ६ पत्र संख्या १३७ साइज १०×५ इञ्च। प्रति सटीक है। प्रति प्राचीन है।

प्रति नं० ७. पत्र संख्या १७१ साइज ११×४ इञ्च। प्रति सटीक है। टीकाकार मल्लनाथ सूरि।

१०८
क्रियाकोष।

भाषा हिन्दी (पद्य)। पत्र संख्या ७० साइज ६॥×५॥ इञ्च। प्रति अपूर्ण है।

मंगलाचरण —

समोसरण लछिमी सहित बरधमान जिनराय।
नमो विबुध वंदित चरण, भवि जन को सुखदाय॥ १॥

प्रति नं० २ पत्र संख्या ५१ साइज ११॥×५ इञ्च। ग्रन्थ अपूर्ण हैं। ५१ से आगे के पृष्ठ नहीं हैं।

१०९
क्रियाकल्पलता।

रचयिता श्री साधु सुन्दर गणि। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या ३२३ साइज १०॥×५॥ इञ्च। लिपि संवत १७३४।

११०
कुमार संभव।

रचयिता महाकवि श्री कालिदास। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या ५२ साइज १०॥×४ इञ्च। सप्तम सर्ग पर्यन्त है। लिपि संवत १६६५ लिपि स्थान चंपावती। इस महाकाव्य की ८ प्रतियां और है।

१११ केवलभुक्तिनिराकरण।

रचयिता पं० जगन्नाथ। भाषा संस्कृत। पृष्ठ संख्या ६ साइज १०×५॥ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर १०

पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति मे ३३–३८ अक्षर। लिपि संवत् १७३० ।विषय–केवलज्ञानियों के अहार का खडन।

कोकसार।

रचयिता अज्ञात। भाषा हिन्दी। पत्र संख्या ६. साइज ८x४॥ इञ्च।

कोष्टक टीका।

टीकाकार पं० श्री वेदा। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या ७. साइज १०x४ इञ्च। विषय–ज्योतिष।

ख

खंडप्रशस्तिकाव्य।

रचयिता अज्ञात। पृष्ठ संख्या ४. साइज ६x५॥ इञ्च। पद्य संख्या २१ विषय–रघुवंश स्तुति।

प्रति नं० २ पृष्ठ संख्या ४. साइज १०x४ इञ्च। लिपि संवत् १६२४।

ग

गणक कौमुदी।

रचयिता ज्योतिषाचार्य श्री मणिलाल। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या ११. साइज १०x४ इञ्च। विषय ज्योतिष। लिपि संवत् १६६२।

गणितशास्त्र।

रचयिता अज्ञात। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या ७. साइज ११x४॥ इञ्च। विषय-ज्योतिष।

गणितकौमुदी।

रचयिता अज्ञात। भाषा संस्कृत। पत्र संख्या ४२. साइज १२x६॥ इञ्च। विषय–गणित। प्रति अपूर्ण है।

गणित नाममाला।

रचयिता अज्ञात। भाषा संस्कृत। पृष्ठ संख्या ७ साइज १०x४ इञ्च। विषय–ज्योतिष।

११९
गणितलीला ।

रचयिता श्री पं० भास्कर । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या २३ साइज १०॥×४॥ इञ्च ।

१२०
गणधरवलय पूजा ।

रचयिता भट्टारक श्री सकलकीर्ति । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या ६. साइज १०॥×५ इञ्च ।

१२१
ग्रन्थसार ।

रचयिता भट्टारक सकलकीर्ति । भाषा संस्कृत । साइज ११×४ इञ्च । विषय मुनियों का आचार शास्त्र । ग्रन्थ के अन्त में चौबीस तीर्थंकरों की स्तुति भी दी हुई है ।

१२२
गर्भषडारचक्र ।

रचयिता श्री देवनन्दी । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या ६ साइज १०॥×४ इञ्च प्रति सटीक है ।

१२३
ग्रहलाघव ।

रचयिता श्री दैवज्ञ गणेश । पत्र संख्या ११. साइज १०॥×४ इञ्च । प्रति अपूर्ण । ११ से आगे के पृष्ठ नहीं है ।

१२४
ग्रहलाघवसारणी ।

रचयिता अज्ञात । भाषा संस्कृत । पुस्तक मे नक्षत्रों के अलग २ फल दिखलाये गये है ।

१२५
ग्रहलाघव ।

रचयिता श्री गणेश गण कवि । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या २५. साइज १०॥×४॥ इञ्च । विषय-ज्योतिष । लिपि संवत १६०६ प्रति सुन्दर है ।

१२६
ग्रहागमकौतूहल ।

रचयिता श्री देदचंद । भाषा संस्कृत । पृष्ठ संख्या ८२. साइज १०॥×४॥ इञ्च । लिपि संवत् १६७१. विषय-ज्योतिष ।

१२७
गिरधरानन्द ।

रचयिता श्री गिरधर । भाषा संस्कृत । पत्र संख्या ३५. साइज १०×४॥ इञ्च । प्रति अपूर्ण है ।

प्रारम्भ के ८ तथा आगे के पृष्ठ नहीं है। विषय-ज्योतिष।

गुटका नं० १

लिपिकार अज्ञात। पत्र संख्या १००, साइज ८॥×६ इञ्च।

विषय-सूची—

(१) जिन सहस्रनाम (जिनसेनाचार्य) (संस्कृत)
(२) अनंत व्रत पूजा विधान (संस्कृत)
(३) चतुर्विंशति तीर्थंकरपूजा (संस्कृत)
(४) मोक्ष शास्त्र
(५) पूजन संग्रह

गुटका नं० २

लिपिकार अज्ञात पत्र संख्या १७५, साइज १०॥×६॥ इञ्च। लिपि संवत १६०५।

मुख्य विषय-सूची —

(१) त्रिंशच्चतुर्विंशति का पूजा (आचार्य शुभचन्द्र)
(२) नन्दिसंघ गुर्वावली (संस्कृत)
(३) जिनयज्ञकल्प, (पं० आशाधर)
(४) अंकुरार्पण विधि (संस्कृत)
(५) रूपमंजरी नाममाला (रूपचन्द कृत)

गुटका नं० ३

लिपिकार अज्ञात। पत्र संख्या १४० साइज ६। ×५ इञ्च। इस गुटके में कोई उल्लेखनीय सामग्री नहीं है।

गुटका नं० ४

लिपिकार श्री जगानन्द और लिखमीदास। पत्र संख्या १७५, साइज ७×५ इञ्च। लिपि संवत् १७१०, और १७२६, लिपिस्थान नेवटा (जयपुर)

विषय-सूची—

(१) जिनसहस्रनाम स्तवन (संस्कृत)

(२) आदित्यवार की कथा (हिन्दी)
(३) नेमिजिनेश्वर रास ,,
(४) लब्धि विधान विधि ,,
(५) निर्दोष सप्तमी की कथा ,,
(६) रत्नत्रयविधान कथा ,,
(७) पुष्पाञ्जलि व्रत कथा ,, (पं० हरिश्चन्द्र)
(८) धर्मरासो ,,
(९) जिनपूजा फल प्राप्ति कथा ,,

१३२

गुटका नं० ५

लिपिकार अज्ञात। पत्र संख्या २००, साइज ७x७ इञ्च।

विषय-सूची—

(१) शकुन पाशा केवली (संस्कृत)
(२) चिंतामणि पार्श्वनाथ स्तवन (संस्कृत)
(३) भक्तामर स्तोत्र
(४) हिंदोला (अपभ्रंश)
(५) प्रश्नोत्तर रत्नमालिका (संस्कृत)
(६) द्वादशानुप्रेक्षा (प्राकृत) लक्ष्मीचन्द
(७) श्रावक प्रतिक्रमण (प्राकृत)
(८) पट्टावली (संस्कृत)
(९) आराधना प्रकरण (प्राकृत)
(१०) संबोध पंचाशिका (प्राकृत)
(११) यति भावानाष्टक (संस्कृत)
(१२) तत्त्वसार (प्राकृत)
(१३) समाधिशतक (संस्कृत)
(१४) सज्जन चित्तवल्लभ (संस्कृत)
(१५) कषाय जय भावना (संस्कृत)

(१६) श्रुतस्कंध
(१७) इष्टोपदेश (संस्कृत)
(१८) अनस्तमितिव्रताख्यान (अपभ्रंश)
(१९) प्रतिक्रमण (संस्कृत)

३ **गुटका नं० ६**

लिपिकार अज्ञात। लिपि संवत् १६३४. पत्र संख्या ३५०. साइज ७x७ इञ्च।

मुख्य विषय-सूची—

(१) ज्ञानांकुश (संस्कृत)
(२) सुप्पयदोहा (प्राकृत)
(३) अनुप्रेक्षा (अपभ्रंश) (पं० जगसी)
(४) णवकार पाथजी (प्राकृत)
(५) उपासकाचार (संस्कृत)
(६) ज्ञानसार (प्राकृत)
(७) रत्नकरण्ड श्रावकाचार
(८) आराधनासार (प्राकृत)
(९) आराधनासार टीका (प्राकृत-संस्कृत)
(१०) दर्शनज्ञान चरित्र पाहुड (प्राकृत)
(११) भाव पाहुड (प्राकृत)
(१२) मोक्ष पाहुड ,,
(१३) स्वयम्भू स्तोत्र (संस्कृत)
(१४) त्रैलोक्य स्थिति (संस्कृत)

४ **गुटका नं० ७**

लिपिकार श्री छीतर। पत्र संख्या १२५. साइज ८x५ इञ्च। लिपि संवत् १५०५. लिपि स्थान अजबगढ मत्स्य प्रदेश।

विषय-सूची—

(१) जिनस्तोत्र (संस्कृत) पं० जगन्नाथ वादि कृत

(२) नेमिनरेन्द्र स्तोत्र (संस्कृत)
(३) त्रिरत्नकोष (संस्कृत)
(४) शकुन विचार (हिन्दी)
(५) पुण्याह मन्त्र (संस्कृत)

१३५
गुटका नं० ८

